भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-3611**

उत्तर देने की तारीख-11/08/2025

**लक्षद्वीप में बंद किए गए स्कूल**

†3611. **श्री हमदुल्ला सईद:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप के अगत्ती और एंड्रोथ द्वीप समूह में कुछ स्कूलों को अभिभावकों, शिक्षकों और समुदाय प्रतिनिधियों सहित स्थानीय हितधारकों के साथ पूर्व परामर्श के बिना बंद कर दिया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो इन स्कूलों को बंद करने के क्या कारण हैं और क्या ऐसी कार्रवाई बच्चों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के उपबंधों का उल्लंघन है;

(ग) क्या इस तरह से स्कूल बंद होने से शैक्षिक सेवाओं का संचालन बाधित हुआ है और छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण और निरंतर शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयाँ पैदा हुई हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार इस निर्णय की समीक्षा करने और स्कूलों को फिर से खोलने के लिए तत्काल कदम उठाने या अगत्ती और एंड्रोथ द्वीप समूह के बच्चों के लिए निर्बाध शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान करने का है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे सुधारात्मक उपायों के लिए समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ङ): लक्षद्वीप प्रशासन ने शिक्षा विभाग के माध्यम से अवसंरचना की कमी, स्कूल सुरक्षा, अल्प नामांकन और संसाधन अनुकूलन को ध्यान में रखते हुए अगत्ती और एंड्रोथ द्वीपों में कुछ स्कूलों को सुव्यवस्थित किया। ये निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्कूल भवन

की सुरक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और मौजूदा सुविधाओं का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य से लिए गए थे। संस्थागत दौरों, नामांकन विश्लेषण और प्रशासनिक मूल्यांकन के माध्यम से हितधारकों की प्रतिक्रिया पर विचार किया गया था।

इन कार्यों को बेहतर शैक्षणिक और अवसंरचनात्मक परिणामों के लिए योजनाबद्ध रूप से समेकित किया गया था। अगत्ती में, जेबी स्कूल (दक्षिण), जिसका निर्माण 1982 में हुआ था और जो न्यूनतम सुविधाओं वाली सबसे पुरानी इमारत थी, को जेबी स्कूल (उत्तर) के साथ विलय कर पीएम श्री राजकीय जूनियर बेसिक स्कूल अगत्ती (यूडाइज़ कोड: 31010100202) बनाया गया था, जिससे छात्रों के लिए सुरक्षित भवन और समृद्ध शिक्षा सुनिश्चित हुई। एंड्रोथ में, जेबी स्कूल मेचेरी, जिसमें 135 छात्र हैं, एसबी स्कूल एडचेरी के पास स्थित है, जो दोहरे माध्यम में शिक्षा प्रदान करता है। यह सुव्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप है, क्योंकि इसमे अनुमेय मानदंडों के तहत नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा तक पहुँच पूर्ण रूप से सुनिश्चित होती है।

इन पहलों से अवसंरचना और शिक्षण संसाधनों को एकत्रित करके अधिगम माहौल को बेहतर बनाया गया है। अब छात्रों को सुरक्षित भवन, बेहतर डिजिटल और कक्षा सुविधाएं, तथा बेहतर पर्यवेक्षण का लाभ मिल रहा है। अपेक्षित छात्रों हेतु शिक्षा की निरंतरता को प्रभावित किए बिना सुचारू ट्रांजिशन के लिए परिवहन और समीपता संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

*****